सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-129
07/03/2017

मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश एवं देश की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनायें दी

- 3 अप्रैल (सोमवार) को आयोजित होने वाला लोक संवाद कार्यक्रम 'आधी आबादी विशेष' के रूप में मनाया जायेगा।

पटना, 07 मार्च 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) की पूर्व संध्या पर प्रदेश एवं देश की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुये कहा है कि महिलायें समाज का अभिन्न हिस्सा हैं, वे अपनी प्रतिभा के बलबूते विभिन्न क्षेत्रों में अलग पहचान बना रही हैं। किसी भी राज्य या फिर देश के विकास में महिलाओं का योगदान आवश्यक है। राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उन तक विकास का लाभ पहुँचाने हेतु प्रयासरत हैं। महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ उन्हें एक सुरक्षित और बेहतर माहौल देकर ही विकास को सही मायने में परिभाषित किया जा सकता है।

राज्य सरकार बिहार में न्याय के साथ विकास हेतु प्रतिबद्ध है। विकास कार्यों में महिलाओं के सुझाव एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिये, इसी उद्देश्य के साथ 3 अप्रैल (सोमवार) को आयोजित होने वाले *'लोक संवाद कार्यक्रम'* को *'आधी आबादी विशेष'* के रूप में मनाया जायेगा। इस लोक संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री राज्य की महिलाओं से उनके सुझाव सुनेंगे। कार्यक्रम में सुझाव देने हेतु महिलायें आवेदन प्रक्रिया के संबंध में **www.loksamvad.bihar.gov.in** पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।

******